# बिहार सरकार

## पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

कार्यालयः—वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना
Rajdhani Vatika (Eco Park) 800001, Near Old Secretariat, Gate no.-2, Off Mall Road, Patna
(Ph. No. 0612-2233991, Email address: parkdivisionpatna@gmail.com)

## e-Tender Notice No-03/e-PROC/PATPARK/2026-27

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का नाम एवं पता | वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना |
| 2 | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि | दिनांक—07.05.2026 |
| 3 | परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक—08.05.2026 समय—11:00 A.M से दिनांक—25.05.2026 05:00 P.M तक। (www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 4 | संवेदक द्वारा निविदा अपलोड की अंतिम तिथि | दिनांक—26.05.2026 के समय 05:00 P.M बजे तक। (www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 5 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | दिनांक—27.05.2026 के समय—03:00 P.M बजे। (www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 6 | वित्तीय बीड खोलने की तिथि | तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त। |

| क्र० सं० | पार्क का नाम | बच्चों के खेल उपकरण का नाम | परिमाण विपत्र का मूल्य (Online के माध्यम से) (www.eproc2.bihar.gov.in) | अग्रधन की राशि (Online के माध्यम से) (www.eproc2.bihar.gov.in) | निविदा की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| 1. | 1. राजधानी वाटिका | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला<br>2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला<br>3. बन्जी जम्पिंग ट्रैम्पोलिंग झूला | 2000/— (दो हजार) रूपये मात्र | 50,000/— (पचास हजार) रूपये मात्र | एक वर्ष |
| 2. | 2. शहीद वीर कुँवर सिंह आजादी पार्क<br>3. एस०के० पूरी पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला<br>2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | | |
| 3. | 4. शिवाजी पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला<br>2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला<br>3. टॉय ट्रेन | | | |
| 4 | 5. प्रोफेसर कॉलोनी पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | | |
| 5 | 6. गाँधी नगर पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | | |
| 6 | 7. बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी सेक्टर—4 पार्क —1 | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | | |
| 7 | 8. पार्क संख्या—ए/44 पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला<br>2. टॉय ट्रेन | | | |
| 8 | 9. 250 एम.आई.जी. पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | | |
| 9 | 10. ग्रीन पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 11. लोहिया पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला<br>2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला<br>3. हॉर्स राउण्ड झूला | | | |
| 11 | 12. बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी सेक्टर–4 पार्क –2 | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला<br>2. टॉय ट्रेन | | | |
| | | | | | |
| 12 | 13. कॉंग्रेस मैदान फेज–02 पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला<br>2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | | |
| 13 | 14. राजेन्द्र नगर 4/5 (मोदी) पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला<br>2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | | |
| 14 | 15. सी.आई.डी. कॉलोनी पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला<br>2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | | |
| 15 | 16. जगदेव पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला<br>2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | | |
| 16 | 17. एस.के. नगर पार्क नं०–01 | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला<br>2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | | |
| 17 | 18. ए.जी. कॉलोनी पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला<br>2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | | |
| 18 | 19. शहीद कुणाल पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला<br>2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | | |

Detailed description of the terms and conditions as well as tender form for submission of tender can be downloaded from https://www.eproc2.bihar.gov.in

Corrigendum/Attendum, if any, will be published after on the departmental website **https://state.bihar.gov.in/forest/** and e-procurement Portal Bihar **https:// www.eproc2. bihar.gov.in.**

Piyush

वन प्रमंडल पदाधिकारी
पटना पार्क प्रमंडल, पटना।

# बिहार सरकार
## पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

कार्यालयः—वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना
Rajdhani Vatika (Eco Park) 800001, Near Old Secretariat, Gate no.-2, Off Mall Road, Patna
(Ph. No. 0612-2233991, Email address: parkdivisionpatna@gmail.com)

## e-Tender Notice No-03/e-PROC/PATPARK/2026-27

## पटना पार्क प्रमंडल, पटना के नियंत्राधिन विभिन्न पार्कों में बच्चों का खेल उपकरण की स्थापना हेतु आमंत्रित ई–निविदा की निर्धारित शर्तों

1. संचालनकर्त्ता सभी खेल सामग्रियों की व्यवस्था स्वयं करेंगे, तथा इसकी जिम्मेवारी भी उनकी स्वयं की होगी के आधार पर संचालन हेतु दिनांक–26.05.2026 के अपराह्ण 05:00 बजे तक Online ई–निविदा एक वर्ष तक संचालन हेतु आमंत्रित की जाती है।
2. ई–निविदा की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु निविदादाताओं को ई–निविदा के Service Provider के पास पंजीकृत होना होगा, जहाँ उन्हें उपयोगकर्त्ता का नाम (User ID) पासवर्ड (Password) एवं अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) निर्गत की जायेगी। यह उन्हें वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in से डाउनलोड करने/ ई–टेंडर की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा। इसके लिए हेल्प डेस्क 'mjunction services Ltd., R.J. Complex, 2nd Floor, Khajpura-Ashiana Road, Opp. Passport Office, P.S. Shastri Nagar, Patna- 800014, Toll Free No. 1800 572 6571, Email Id: eproc2support@bihar.gov.in' से सम्पर्क किया जा सकता है।
3. ई–निविदाओं का 'तकनीकी बिड' दिनांक–27.05.2026 को 3.00 बजे अपराह्न वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा खोले जायेंगे। वित्तीय बिड तकनीकी बिड में सफल हुये निविदाकर्ताओं को सम्मिलित करते हुये की जायेगी एवं वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय तकनीकी बिड के पष्चात् संसूचित कर दी जायेगी।
4. ई–निविदा प्रपत्र ऑनलाईन डाउनलोड किये जा सकते हैं जिसके लिए रू० 2,000/– (दो हजार रूपये) का ई–पेमेंट मोड (NEFT/RTGS/Credit Card/Debit Card, Net Banking) से भुगतान करना होगा। उसी प्रकार www.eproc2.bihar.gov.in को टेन्डर प्रोसेसिंग फीस का भुगतान भी ई–पेमेंट मोड से करना होगा। ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य तथा टेन्डर प्रोसेसिंग फीस अप्रत्यर्पणीय होगा।
5. निविदाकर्त्ता द्वारा ई–पेमेंट मोड (NEFT/RTGS/Credit Card/Debit Card, Net Banking) से 50,000/– अग्रधन राशि के रूप में भुगतान करना होगा।
6. प्राप्त तकनीकी ई–निविदायें दिनांक–27.05.2026 को अपराहन् 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सभी निविदाओं को निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। तकनीकी निविदा में सफल निविदाकर्ता का वित्तीय निविदा खोली जायेगी। सफल निविदाकर्त्ता वित्तीय निविदा में सफल होने की तिथि से अगले 10 दिनों के अन्दर कार्यालय से सम्पर्क कर आदेश प्राप्त करना उनकी जिम्मेवारी होगी तथा आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।
7. निविदा प्रपत्र का मूल्य अप्रत्यर्पणीय (Non-refundable) है। बच्चों का खेल उपकरण की स्थापना से संबंधित जानकारी (यथा पार्क में स्थल) क्षेत्र पदाधिकारी, पार्क प्रक्षेत्र–01, 02 एवं 03 से कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।
8. सरकारी/गैर सरकारी संस्थान द्वारा निविदाकर्त्ता को काली सूची (Black list) में निविदा कर्त्ता का नाम दर्ज होने या न होने संबंधि नोटरी द्वारा निर्गत घोषणा पत्र तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
9. निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित करा कर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
10. सभी अभिलेख/कागजात की सत्यता से संबंधित नोटरी द्वारा निर्गत मूल शपथ–पत्र संलग्न करना होगा।
11. सफल निविदाकर्त्ता बच्चों के खेल सामग्रियों की स्थापना अपने स्तर से करेंगे।
12. सक्षम पदाधिकारी के निर्देशन में हीं खेल सामग्रियों को चिन्हित स्थल पर स्थापना की जायेगी।
13. निविदादाता को आयकर विभाग से निबंधित होना चाहिए। निबंधन प्रमाण पत्र का स्व अभिप्रमाणित एवं वार्षिक रिटर्न 2024–25 एवं 2025–26 की छाया प्रति संलग्न करना होगा।
14. निविदादाता को जी०एस०टी० एवं आयकर विभाग के अन्तर्गत निबंधित होना चाहिए। जी०एस०टी० निबंधन प्रमाण पत्र एवं पैन कार्ड की छायाप्रति तकनिकी निविदा के साथ अपलोड किया जाना है।

15. सफल निविदादाता आदेश निर्गत की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर रू0 1000/– (एक हजार रूपये) मात्र का ननजुडिशियल स्टाम्प पेपर कार्यालय में जमा कर एकरारनामा करेंगे तथा निविदा में प्राप्त उच्चतम दर का तीन माह के किराये का मूल्य की राशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का डीसीआर/एफ.डी. आर/बैंक गारण्टी प्रतिभूति राशि के रूप में वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल पटना के पदनाम से Pledged कराकर जमा करना होगा।
16. वित्तीय निविदा का मूल्यांकन प्रत्येक पार्क में प्रत्येक खेल उपकरण के लिये अर्पित दर प्रतिमाह किराया अधिकतम अर्पित H1दर के आधार पर तय किया जाएगा।
17. सफल निविदाकर्त्ता द्वारा एकरारनामा पर हस्ताक्षर करने, जमानत (प्रतिभूति) राशि एवं एक माह का अग्रिम किराया राशि सहित नियमानुसार देय जी.एस.टी. राशि जमा करनें के उपरान्त सफल निविदादाता को ट्रैम्पोलिन जमपिंग गोलाकार झूला (12 फुट व्यास), मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला, बन्जी जम्पिंग ट्रैम्पोलिंग झूला निर्धारित पार्क में संचालन की अनुमति दी जायेगी। यदि सफल निविदादाता जमानत की राशि तथा एक माह का अग्रिम राशि निर्धारित समय पर जमा करने एवं एकरारनामा पर हस्ताक्षर करने में विफल रहते है तो निविदा रद्द कर अग्रधन की राशि राज्यसात कर ली जायेगी।
18. यदि सफल निविदाकर्त्ता द्वारा खेल उपकरण की स्थापना, झूला का संचालन की निर्धारित अवधि (01 वर्ष) के बीच संचालन करने से इन्कार किया जाता है तो वैसी परिस्थिति में संचालक को कृष्णचिन्हित (Black list) करते हुए उनके द्वारा जमा प्रतिभूति/जमानत राशि को राज्यसात करने का अधिकार वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना को होगा।
19. सभी वैधानिक करों का भुगतान झूला संचालक (सफल निविदाकर्त्ता) को अलग से करना होगा जिसकी जिम्मेवारी संचालक की होगी।
20. सफल निविदाकर्त्ता (संचालक) को प्रत्येक माह के 05वीं तारीख तक अधोहस्ताक्षरी के पदनाम का बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से अग्रिम राशि नियमानुसार देय जी.एस.टी. राशि संबंधित वनों के क्षेत्र पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा मासिक शुल्क का 3% विलंब शुल्क जोड़कर भुगतान करना होगा। यह शुल्क वृध्यात्मक (incremental) होगा जिसकी वृद्धि प्रत्येक माह 05 तारीख के बाद स्वतः हो जायेगी। यदि निविदादाता के विरूद्ध सरकार का कोई बकाया रह जाता है तो नीलाम–पत्र मुकदमा दर्ज कर ब्याज सहित राशि की वसूली की कार्रवाई की जायेगी।
21. बच्चों का खेल उपकरण झूला संचालन में सुरक्षा संबंधी किसी प्रकार की चूक की सम्पूर्ण जवाबदेही झूला संचालक की होगी।
22. संचालक को चिन्हित स्थल पर साफ–सथुरा रखना होगा। संचालक द्वारा किसी भी शर्त का उल्लंघन एवं लापरवाही बरतने पर प्रत्येक उल्लंघन/लापरवाही पर रू० 5,000/–(पाँच हजार रूपये) मात्र का अर्थदण्ड लगाने का अधिकार वन प्रमंडल पदाधिकारी को होगा।
23. संचालक को झूला संचालन में विद्युत उपयोग का बिजली बिल का भुगतान अलग से व्यवसायिक दर पर करना होगा। इसके लिए वे सब–मीटर लगवायेगे। सब–मीटर नहीं लगवानें की स्थिति में पटना पार्क प्रमंडल, पटना द्वारा निर्धारित राशि का भुगतान करना होगा।
24. पार्क में संचालक द्वारा अन्य किसी भी प्रकार की सुविधा वन प्रमंडल पदाधिकारी के अनुमति से ही उपलब्ध करायी जा सकेगी। खेल उपकरण का संचालन पार्क बन्द होने के बाद एवं साप्ताहिक बंदी के दिन नहीं की जायेगी। अगर पार्क को अन्य दिन भी बन्द रखा जाता है, तो उस दिन भी संचालन को बन्द रखना होगा और उसके लिए पार्क प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की छुट नहीं दी जायेगी।
25. सफल निविदाकर्त्ता जिन्हें झूला संचालन का अधिकार होगा उपयोग शुल्क की दर तालिका (समय अवधि के साथ) समर्पित कर अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति से अनुमोदित कराने के बाद ही टिकट दर तय करेगें। राशि वसुली के लिए बच्चों को टिकट देना होगा उस टिकट पर दर समय एवं संचालक का नाम अंकित रहेगा। चिन्हित स्थल पर एक बड़े साईज के पट्ट पर (2'x3'आकार का) दर तालिका लगाना होगा तथा स्थल पर एक बड़े आकार का घड़ी भी रखना होगा। जिससे बच्चे या उनके अभिभावक समय देख सके।

26. संचालक सभी प्रकार के खेल उपकरणों के संचालन के लिये कंडिका–24 में अंकित दर का टिकट अपने फर्म के नाम पर स्वयं छपवायेगें एवं बेचेगें। इन टिकटों पर बिहार सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का जिक्र नहीं रहेगा। संचालक अधिकतम दो व्यक्ति को झूला संचालन के लिए रख सकते है। जिसका पूरा पता फोटोयुक्त पहचान–पत्र सहित संबंधित वन क्षेत्र पदाधिकारी के कार्यालय में समर्पित करेगे तथा उनके प्रत्येक गतिविधि की जिम्मेवारी संचालक पर होगी एवं उक्त व्यक्ति का पहचान–पत्र (दो प्रति में) झूला संचालक को निर्गत करना होगा। पहचान–पत्र की एक प्रति संबंधित व्यक्ति के पास तथा दूसरी प्रति वनों के क्षेत्र पदाधिकारी के कार्यालय में सुरक्षित रखा जायेगा।
27. पार्क में लगाये जाने वाले ट्रैम्पोलिन, मिक्की माउस झूला, बन्जी जम्पिंग ट्रैम्पोलिंग झूला इत्यादि उपकरणों में तय सुरक्षा मानकों का पालन उपकरण संचालक द्वारा सख्ती से किया जायेगा। शिशु की सुरक्षा हेतु सभी जरूरी कदम संचालक द्वारा उठाया जायेगा एवं किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर इसकी पूरी जिम्मेवारी उपकरण संचालक की होगी। बन्जी जम्पिंग ट्रैम्पोलिंग झूला की स्थापना राजधानी वाटिका भाग–1 में लगाया जायेगा।
28. निविदा रद्दीकरण :– सफल निविदादाता द्वारा निविदा एवं एकरारनामा की शर्तों का पालन न करने की स्थिति, खेल उपकरण संचालन की गुणवत्ता एवं सावधानी नहीं रखने या दर्शकों से अधिक मूल्य की वसूली से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत अथवा खेल उपकरण संचालन से पार्क पर प्रतिकूल प्रभाव की सम्भावना होने पर वन प्रमंडल, पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना किसी भी समय नोटिस देकर निविदा रद्द करने की कार्रवाई कर सकते है। निविदा रद्द होने की स्थिति में सफल निविदादाता को किसी प्रकार की क्षतिपूरक राशि सरकार द्वारा वहन नहीं किया जायेगा।
29. वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना को निविदा की शर्तो के उल्लंघन के आरोप में अथवा एक माह के अग्रिम सूचना पर बिना कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
30. किसी कारणवश यदि किसी झूला का संचालन बंद रहता है तो इसका प्रभाव निविदा के स्वीकृत दर को प्रभावित नहीं करेगा और प्रत्येक माह की पूरी राशि संचालक भुगतान करेंगे।
31. पार्क एक शांत क्षेत्र है। यहॉ शोरगुल करना, पॉलीथीन, मादक द्रव्य आदि का प्रवेश सर्वथा वर्जित है।
32. निविदा प्रपत्र में निविदादाता इस बात को प्रमाणित करेगें कि उन्होंने निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा/पढ़वाया और समझा है तथा वे सभी शर्तों को स्वीकार करते हैं।
33. वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत कर दें।
34. पार्क से संबंधित समय–समय पर निर्गत सरकारी आदेशों का अनुपालन निविदादाता के लिये अनिवार्य होगा।
35. किसी विवाद का निर्णय स्थानीय न्याय क्षेत्र पटना जिला होगा।

वन प्रमंडल पदाधिकारी
पटना पार्क प्रमंडल, पटना।

## e-Tender Notice No-03/e-PROC/PATPARK/2026-27

### तकनीकी निविदा प्रपत्र–"क"

निविदादाता का नाम एवं पूरा पता (दूरभाष एवं मोबाईल नं0 के साथ)..........................................................................................................................................................................................................................

1. निविदादाता के प्रतिष्ठान का नाम एवं पूरा पता दूरभाष संख्या के साथः..........................................................................................................................................................................................................................
2. जी0एस0टी0 पंजीकरण संख्या की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न :–..........................................................................................................
3. आयकर विभाग से निबंधन (PAN/TAN की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न) :–..........................................................................................................
4. आयकरदाता होने का विगत दो साल का प्रमाण–पत्र (रिटर्न की प्रति संलग्न करें) :–..........................................................................................................
5. कार्य का अनुभव (यदि कोई हो) :–.........................................................................
6. यदि निविदा किसी फर्म द्वारा दिया गया है तो पार्टनरशिप डीड की छाया प्रति/फर्म द्वारा प्राधिकृत करने का पत्र संलग्न करः– .........................................................................
7. सरकारी/गैर सरकारी संस्थान के काली सूची में निविदादाता का नाम दर्ज न होने संबंधी नोटर का घोषणा पत्र :– .........................................................................
8. अग्रधन का पूर्ण विवरण :– **ई–पेमेंट मोड (NEFT/RTGS/Credit Card/Debit Card, Net Banking) का विवरणी**

10. प्रपत्र का मूल्य– **ई–पेमेंट मोड (NEFT/RTGS/Credit Card/Debit Card, Net Banking) का विवरणी**

**नोट :– अनुलग्नक**

(i) आयकर रिटर्न विगत दो वर्षों का स्वअभिप्रमाणित प्रति।
(ii) अग्रधन की राशि 50,000/– (पचास हजार) रूपये
(iii) कार्य का अनुभव। (work order)
(iv) जी.एस.टी निबंधन प्रमाण–पत्र एवं अद्यतन रिटर्न)
(v) पैन कार्ड की छायाप्रति
(vi) राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित हस्ताक्षर की प्रति
(vii) काली सूची से संबंधित घोषाण–पत्र नोटरी द्वारा निर्गत
(viii) अभिलेख की सत्यता से संबंधित नोटरी का मूल शपथ प्रमाण–पत्र।

स्थान : ............................ निविदादाता का हस्ताक्षर

दिनांकः ............................ पूरा नाम –

पता–

मोबाईल नं०:–

ई–मेल का पता:–

# e-Tender Notice No-03/e-PROC/PATPARK/2026-27

## वित्तीय निविदा प्रपत्र–ख

1. निविदादाता का नाम एवं पूरा पता (दूरभाष एवं मोबाईल नं0 के साथ)..........................................................

..........................................................................................................................................................

2. निविदादाता के प्रतिष्ठान का नाम एवं पूरा पता दूरभाष संख्या के साथः..............................................

..........................................................................................................................................................

3. उपकरणों की स्थापना एवं संचालन हेतु अर्पित दर :–

सेवा में,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,

पटना पार्क प्रमंडल, पटना।

महाशय,

पटना पार्क प्रमण्डल, पटना के अंतर्गत निम्नांकित पार्कों के लिये खेल उपकरणों की स्थापना एवं संचालन के लिए दर निम्नवत् समर्पित कर रहा हूँ:–

| क्र० सं० | पार्क का नाम | बच्चों के खेल उपकरण का नाम | अर्पित मूल्य प्रतिमाह | |
|---|---|---|---|---|
| | | | (अंक में) | शब्दों में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | 1. राजधानी वाटिका | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग | | |
| | | 2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला गोलाकर झूला | | |
| | | 3. बन्जी जम्पिंग ट्रैम्पोलिंग झूला | | |
| 2. | 2. शहीद वीर कुँवर सिंह आजादी पार्क<br>3. एस०के० पूरी पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | |
| | | 2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | |
| 3. | 4. शिवाजी पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | |
| | | 2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | |
| | | 3. टॉय ट्रेन | | |
| 4 | 5. प्रोफेसर कॉलोनी पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | |
| 5 | 6. गाँधी नगर पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | |
| 6 | 7. बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी सेक्टर–4 पार्क –1 | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | |
| 7 | 8. पार्क संख्या–ए/44 पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | |
| | | 2. टॉय ट्रेन | | |
| 8 | 9. 250 एम.आई.जी. पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | |
| 9 | 10. ग्रीन पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | |
| 10 | 11. लोहिया पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | |
| | | 2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | |
| | | 4. हॉर्स राउण्ड झूला | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11 | 12. बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी सेक्टर–4 पार्क –2 | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | |
| | | 2. टॉय ट्रेन | | |
| 12 | 13. कॉंग्रेस मैदान फेज–02 पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | |
| | | 2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | |
| 13 | 14. राजेन्द्र नगर 4/5 (मोदी) पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | |
| | | 2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | |
| 14 | 15. सी.आई.डी. कॉलोनी पार्क | 1.ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | |
| | | 2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | |
| 15 | 16. जगदेव पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | |
| | | 2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | |
| 16 | 17. एस.के. नगर पार्क नं०–01 | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला | | |
| | | 2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | |
| 17 | 18. ए.जी. कॉलोनी पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला<br>2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | |
| 18 | 19. शहीद कुणाल पार्क | 1. ट्रैम्पोलिन जम्पिंग गोलाकर झूला<br>2. मिक्की माउस आकार का बॉउसिंग झूला | | |

Detailed description of the terms and conditions as well as tender form for submission of tender can be downloaded from https://www.eproc2.bihar.gov.in

- वित्तीय निविदा में अर्पित दर प्रतिमाह सभी पार्कों के लिए अलग–अलग अंक एवं शब्द में उल्लेख किया जाना है। अधिकतम ($H^1$) अर्पित दर पर विचार किया जायेगा।
- निविदाकर्त्ता द्वारा घोषणा :– मेरे द्वारा उपर्युक्त अंकित दर संबंधित पाकों के लिये प्रतिमाह की दर से अंकित किया गया है। निविदा में सफल होने पर संबंधित पार्क/पार्कों में बच्चों का खेल उपकरण की स्थापना की जायेगी और सभी शर्तों का पालन करूँगा।

निविदादाता का हस्ताक्षर

पूरा नाम –

पता–

मोबाईल नं०–

ई–मेल पता–

# बिहार सरकार
## पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

कार्यालयः—वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना
Rajdhani Vatika (Eco Park) 800001, Near Old Secretariat, Gate no.-2, Off Mall Road, Patna
(Ph. No. 0612-2233991, Email address: parkdivisionpatna@gmail.com)

पत्रांकः—.......................

प्रेषक,

**पीयूष कुमार बरनवाल,** भा०व०से०
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
पटना पार्क प्रमंडल, पटना।

सेवा में,

**निदेशक,**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

दिनांक ........../....../...............

विषयः— **पटना पार्क प्रमंडल, पटना के नियंत्राधिन विभिन्न पार्कों में बच्चों का खेल उपकरण की स्थापना हेतु e-Tender Notice no.-03/e-PROC/PATPARK/2026-27 के सूचना प्रकाशन के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषयक पटना पार्क प्रमंडल, पटना के नियंत्राधिन विभिन्न पार्कों में बच्चों का खेल उपकरण की स्थापना हेतु e-Tender Notice no.-03/e-PROC/PATPARK/2026-27 दिनांक—26.05.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक ई—निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा सूचना की एक प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जा रही है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न ई—निविदा सूचना राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के सभी प्रमुख समाचार पत्रों में इसका प्रकाशन कराने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नकः—यथोक्त।**

विश्वासभाजन,
ह०/—
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
पटना पार्क प्रमंडल, पटना।

ज्ञापांक.................दिनांक............../............../..............

प्रतिलिपिः—मुख्य वन संरक्षक, पटना अंचल, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

ह०/—
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
पटना पार्क प्रमंडल, पटना।

ज्ञापांक 767 दिनांक 6 / 5 / 2026

प्रतिलिपिः—आई.टी.मैनेजर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना को निविदा सूचना विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने हेतु अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Piyush
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
पटना पार्क प्रमंडल, पटना।